डॉ. शिवांगी शर्मा को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति

नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर की पी.एच.डी. स्कॉलर डॉ. शिवांगी शर्मा को मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति के लिए चयनित किया गया है। मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति हेतु पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्कों) द्वारा प्रदेश के लिगभग 13 विश्वविद्यालयों से ऐंसे पी.एच.डी. शोधार्थियों के आवेदन मंगाए गए थे, जिनके शोध का विषय जलवायु परिवर्तन से संबंधित हो। प्राप्त आवेदनों में से कुल सात आवदेकों का अपना शोध विषय प्रस्तुत करने हेतु दिनांक 17.02.2020 को भोपाल स्थित पर्यावरण परिसर (एप्कों) में आमंत्रित किया गया था। जिसमें से डॉ. शिवांगी शर्मा जो कि पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर के पशु औषधि विज्ञान विभाग की पी.एच.डी. छात्रा है और डॉ. देवेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में शोध कार्य कर रही है। इस वर्ष मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति हेतु चयनित किया गया है।

डॉ. शिवांगी शर्मा की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी ने अत्यंत हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उल्लवल भविष्य की कामना की है, साथ ही विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता संकाय डॉ. आर.पी.एस. बघेल, अधिष्ठाता महाविद्यालय डॉ. आर.के. शर्मा एवं विभागाध्यक्ष डॉ. पी.सी. शुक्ला ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., अधिकारी जबलपुर (म.प्र.)